स्वीप संदेश

मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखंड सरकार

भारत निर्वाचन आयोग Election Commission of India

मासिक डिजिटल पत्रिका SVEEP अप्रैल 2022 | अंक : 7 | कुल पृष्ठ- 5

अंतराष्ट्रीय महिला दिवस 2022 का आयोजन

8 मार्च 2022 को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के. रवि. कुमार की अध्यक्षता में सराईकेला खरसावां जिले में अवस्थित सुदीशा फाउंड्री प्राइवेट लिमिटेड,आदित्यपुर के परिसर में किया गया। कल - कारखानों के धर -धर करती ध्वनि के बीच मतदाता जागरूकता के उद्देश्य को दृष्टिपथ में रखते हुए महिला दिवस का आयोजन पूर्व के अनुभवों से कुछ अलग था। कार्यक्रम में आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र के विभिन्न उद्यमियों ने अपने कामगारों के साथ उपस्थिति सुनिश्चित की। सराईकेला खरसावां जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री अरवा राजकमल ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया।

Glimpse of Women's Day Celebration

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अपने उदबोधन में 'Healthy Roll- Healthy Poll' की विषयवस्तु पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा मतदाता सूची को समावेशी , समग्र एवं त्रुटिरहित बनाने हेतु निर्वाचन मशीनरी को तत्परता से काम करने का आहवान किया। उन्होंने निर्वाचन साक्षरता क्लबों के बारे में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा किये गए प्रावधानों के बारे में जानकारी दी साथ ही आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र में सभी उपक्रमों में मतदाता जागरूकता फोरम बनाने का अनुरोध किया। जिले के उपायुक्त ने अपने सम्बोधन में निर्वाचन से जुड़ी बचपन की यादों का उल्लेख करते हुए स्वस्थ एवं सुदृढ़ लोकतंत्र की स्थापना हेतु स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन की महत्ता के सम्बन्ध में अवगत कराया। कार्यक्रम को विभाग के अवर सचिव सह नोडल पदाधिकारी श्री देवदास दत्ता , विभाग के उप निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती गीता चौबे , जिले के उप निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती प्रियंका सिंह ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में उपस्थित आदित्यपुर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष श्री इन्द्र अग्रवाल ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये। श्रीमती श्रद्धा अग्रवाल , निदेशक सुदीशा फाउंड्री ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

स्वीप संदेश

मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखंड सरकार

मासिक डिजिटल पत्रिका SVEEP मार्च 2022 | अंक : 6

Promotion of National Voter Awareness Contest in association with JSLPS

मार्च में राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता को लेकर राज्य में उत्साह अपने चरम पर था। इसी क्रम में 11 मार्च 2022 को झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसाइटी (JSPLS) के अधिकारियों, स्वयं सहायता समूहों और अन्य'महिला समूहों के साथ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि. कुमार की अध्यक्षता में एक वर्चुअल कांफ्रेंस आयोजित किया गया जिसमें जेएसएलपीएस के सीईओ सूरज कुमार ने अपने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों में राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता को बढ़ावा देने में मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग का साथ दिया जाए। और उन्होंने आने वाले समय में भी मतदाता जागरूकता के कार्यक्रमों में JSLPS की भागीदारी के प्रति आश्वस्त किया।

इस कार्यक्रम के द्वारा राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता को 2,75,562 सखीमंडल तक पहुँचाने का प्रयास किया गया। यह कार्यक्रम न सिर्फ प्रतियोगिता की सूचना से सम्बंधित था अपितु JSLPS से जुड़े 35 लाख महिलाओं के बीच मतदाता जागरूकता के सन्देश को पहुँचाना था।

स्वीप संदेश

मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखंड सरकार

मासिक डिजिटल पत्रिका SVEEP मार्च 2022 | अंक : 6

Workshop on Strengthening of Electoral Literacy Club

ELECTORAL LITERACY CLUB

No Voter to be Left Behind

मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग लर्निंग मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर, व्हीकल मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर और मैटेरियल मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर तैयार करने की प्रक्रिया में है। इसी उद्देश्य से 22 मार्च, 2022 को सीईओ कार्यालय में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें सभी जिले के उप निर्वाचन अधिकारीयों और हेल्प डेस्क मैनेजर ने शिरकत किया।

इस कार्यशाला में **मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के. रवि.कुमार** ने सम्बोधित करते हुए राज्य में **मतदाता जागरूकता क्लब, चुनाव पाठशाला और मतदाता जागरूकता फोरम** को मजबूत करने पर बल दिया।

स्वीप संदेश

मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखंड सरकार

मासिक डिजिटल पत्रिका SVEEP मार्च 2022 | अंक : 6

Glimpse of Workshop on Strengthening of Electoral Literacy Club

ELECTORAL LITERACY CLUB

No Voter to be Left Behind

मास्टर ट्रेनर श्री सुधीर पाल ने राज्य में मतदाता जागरूकता को लेकर अपने अनुभवों को साझा किया। तो NIELIT, आसाम के डायरेक्टर डॉ वाई. जयंता सिंह और श्री रिंटू दास , साइंटिस्ट ने आसाम की इलेक्शन लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम के बारे में लोगों को बताया कि किस तरह वहां निर्वाचन से जुड़े अधिकारी और कर्मचारी निर्वाचन से सम्बंधित जानकारियां इसके माध्यम से पाते हैं ! साथ ही इस कार्यशाला में व्हीकल मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर और मैटेरियल मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर के बारे में भी जानकारी दी गयी जिसका उद्देश्य है कर्मचारियों और पदाधिकारियों के द्वारा चुनाव के वक्त तकनीक का इस्तेमाल कर चुनावी प्रक्रिया को बेहतर बनाना।

इस कार्यशाला में डॉ डी एस ओबेराय , डायरेक्टर NIELIT, झारखण्ड ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये। छत्तीसगढ़ से आये हुए मास्टर ट्रेनर श्री चुन्नी लाल शर्मा और डॉ प्रेमलता तिवारी ने बड़े ही अनोखे अंदाज में दिलचस्प खेलों के माध्यम से मतदाता जागरूकता को कैसे लोगों तक पहुँचाया जाए, ये बतलाया।अंत में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री हीरा लाल मंडल ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

Shree CHUNNI LAL SHARMA

DR. Y. JAYANTA SINGH

ACTIVITIES AT WOKRSHOP

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड द्वारा जारी ...